www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 रेबड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा...
3 नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित
4 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत...

वर्ष: 9 | अंक: 90 | दिल्ली, गुरुवार, 23 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### कर्तव्य पथ पर आकर्षण का केंद्र रहेगी बिहार की झांकी

**बिहार (एजेन्सी)।** प्राचीन काल से बिहार ज्ञान, मोक्ष एवं शांति की भूमि रही है। बिहार की झांकी के माध्यम से ज्ञानभूमि नालन्दा की प्राचीन विरासत एवं उसके संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों के साथ ही नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से बिहार को पुनः शिक्षा के मानचित्र पर वैश्विक रूप में स्थापित करने के प्रयास को दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त भगवान बुद्ध की अलौकिक एवं भव्य मूर्ति के साथ घोड़ा कटोरा झील को इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने के अनूठे प्रयास को भी दर्शाया गया है। झांकी के अग्र भाग में बोधिवृक्ष इस बात का संदेश दे रही है कि इसी धरती से ज्ञान का प्रकाश सम्पूर्ण विश्व में फैला है। बिहार राज्य की झांकी में बिहार की समृद्ध ज्ञान एवं शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। झांकी में शांति का संदेश देते भगवान बुद्ध को प्रदर्शित किया गया है।

### कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आने से 11 की मौत

**जलगांव (एजेन्सी)।** जलगांव के पचोरा रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना में, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री अपनी जान के डर से चलती ट्रेन से कूदने लगे। दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है। बताया जा रहा है कि अब तक 11 लोगों की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार का आदेश दिया है, साथ ही यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नासिक के संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री ट्रैक पर थे जब कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी तभी वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और हर कोई अपने रास्ते पर है।

# केंद्र देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करेगाः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

(एजेन्सी)।

**केरल।** भारत में शिक्षा की बुनियादी गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र ने देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को केरल के अलाप्पुझा में विद्याधिराज विद्यापीठम सैनिक स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह के दौरान इस पहल की घोषणा की। अलाप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है।

राजनाथ ने कहा कि केंद्र ने देश के विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों के कर्मियों को शामिल करने के लिए भारत के हर क्षेत्र और जिले में सैनिक स्कूलों की पहुंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री, जो कुछ कार्यक्रमों के लिए केरल में हैं, ने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य,




संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, "इसकी आवश्यकता है शिक्षा में क्रांति और बच्चों का सर्वांगीण विकास।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि कम ही लोग जानते हैं कि हमारी संविधान सभा में 15 महिला सदस्यों में से तीन केरल से थीं: अम्मू स्वामीनाथन, दक्षिणायनी वेलायुधन और एनी मास्कारेन। उन्होंने कहा कि समन्वयवाद केरल की संस्कृति की एक उल्लेखनीय विशेषता है। उन्होंने कहा कि सच्ची करुणा असीम है। यह देने वाले के जीवन को समृद्ध बनाता है और दूसरों को प्रेरणा देता है। कवि स्वाभाविक रूप से दयालु और सहानुभूतिशील होते हैं। जब एक कवि वास्तविक सामाजिक परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए छंदों से परे इस

### ■ अलाप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह का उद्घाटन

करुणा को प्रसारित करता है, तो सुगाथाकुमारी जैसी संवेदनशील आत्मा उभरती है।

उन्होंने कहा कि जैसे ही 90वीं जयंती समारोह समाप्त हो रहा है, यह उनकी उल्लेखनीय विरासत और पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के लिए उनके अभियान की प्रासंगिकता को प्रतिबिंबित करने के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि सुगाथाकुमारी सिर्फ एक कवियित्री नहीं थीं; वह हमारे समाज की अंतरात्मा की रक्षक थीं।

भावनात्मक सहानुभूति, मानवतावादी संवेदनशीलता और नैतिक सतर्कता से ओतप्रोत उनकी कविता सामाजिक और पर्यावरणीय चिंताओं को संबोधित करने का माध्यम बन गई।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

# हरियाणा में सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः नायब सिंह सैनी

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली लागत को कम करने के लिए 290 सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना पर लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) में इस संबंध में मंजूरी प्रदान की गई है।

उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति, विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में कुल 804 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 30 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य घरों की छत पर 2 किलोवाट तक का सोलर पैनल लगाकर लोगों को सस्ती बिजली मुहैया



कराना है। जितनी उपभोक्ता की आवश्यकता होगी, वो उतनी बिजली उपयोग करेगा तथा शेष बिजली ग्रिड को बेचेगा। इस योजना के तहत केंद्र सरकार 60 हजार रुपये तथा हरियाणा सरकार अपनी तरफ से 50 हजार रुपए की सब्सिडी दे रही है। इसलिए अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

बैठक में गुरुग्राम जिला में बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर लिगेसी वेस्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण करने के लिए एजेंसी को फाइनल किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 4 माह में बंधवाड़ी से कचरे का पूरी तरह से निस्तारण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहीं पर भी कचरे के ढेर नहीं दिखाई दिए जाने चाहिएं।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता और आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक श्री पंकज सहित संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव उपस्थित थे।

# सीएम सैनी ने एनसीसी कैडेट व एएनओ के मेस भत्ते को बढ़ाने के लिए दी स्वीकृति

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के एनसीसी कैडेटों व एएनओ को एनसीसी शिविरों व अन्य गतिविधियों के लिए मेस भत्ते की दरों को 150 रुपए से बढ़ाकर 220 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यह भत्ता 22 मई, 2024 से प्रभावी होगा।

सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी कैडेटों और एसोसिएटेड एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) के संबंध में मेस भत्ते को बढ़ाया गया है, जो नौकायन/साइक्लिंग अभियानों सहित विभिन्न एनसीसी शिविरों में भाग लेते हैं। मेस भत्ते की दरों को 150 रुपए से बढ़ाकर 220 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने से राज्य के 25 प्रतिशत हिस्से के लिए प्रति वर्ष 36.50 लाख रुपये का वित्तीय भार पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रोहतक में एएनओ 132 और एनसीसी कैडेट 9794 है। इसी प्रकार, एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर अम्बाला में एएनओ 120 और एनसीसी कैडेट



10732 है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मंगल नगर विकास योजना के तहत बूस्टिंग स्टेशन, सेक्टर-29 से सेक्टर-28, बहादुरगढ़ तक तथा सेक्टर डिवाइडिंग रोड 4/4ए से सेक्टर-35/36, बहादुरगढ़ तक राइजिंग बिछाने के लिए 479.27 लाख रुपए (अनुमानित लागत) की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध

### ■ नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम



एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध चला हुआ है।

नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3331 अभियोग अंकित कर 5094 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया गया है। वे उच्चाधिकारियों के आदेश से गांव गांव तक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए पहुँच रहें हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पंचकूला में एक दिवसीय नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यकम आयोजित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माता अपने बच्चे को नशा देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपना जीवन जी ले। नशे के प्रकार और उनके मनुष्य के मस्तिष्क और स्वास्थ्य पर प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा कि प्रतिबंधित नशों में अफीम चरस स्मैक चिट्टा आदि अनेक नशे हैं जो तन मन धन का हनन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सजग नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश और देश को नशा मुक्त बनाया जाए।

ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट (www.ncbmanas.gov.in) MANAS पोर्टल अथवा 1933 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

# विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंः हरविंद्र

### घरौंडा में स्कूल भवन का उद्घाटन




एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण कहा है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई पर फोकस करने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। उन्हें अपनी सोच को भी स्मार्ट बनाना होगा। विधानसभा अध्यक्ष घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल भवन के नए ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत दो मंजिला नए ब्लॉक में 14 कमरे, छात्रों और छात्राओं के लिए 6-6 शौचालयों का निर्माण किया गया है। दो शौचालय दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए बनाए गए हैं। नए भवन पर एक करोड़ 95 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि घरौंडा हल्का के विद्यार्थियों और शिक्षकों में पर्याप्त टैलेंट है। जब वे जीटी रोड से गुजरते हैं तो विकसित होते घरौंडा को देखकर खुशी होती है। यहां के विद्यार्थी स्मार्ट क्लास में नई प्रौद्योगिकी के माध्यम से ज्ञान में इजाफा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में ज्ञान की कमी नहीं है। एक समय था जब नालंदा यूनिवर्सिटी के माध्यम से ज्ञान का विस्तार पूरे विश्व में होता था लेकिन मुगल और अंग्रेजी शासन में यहां की संस्कृति को नष्ट करने और धन दौलत को लूटने का प्रयास किया गया। नालंदा यूनिवर्सिटी को भी आग लगा दी गई। वहां का पुस्तकालय और साहित्य रिकॉर्ड इतना विशाल था कि उसे जलने में ही 6 महीने लग गए। खामोश गौरवशाली देश के नागरिक हैं जिसकी संस्कृति और साहित्य समृद्ध रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सही है कि आज विद्यार्थी स्मार्ट क्लास और नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर ज्ञान को बढ़ा रहे हैं लेकिन उन्हें अपनी सोच को भी स्मार्ट बनना होगा। एक समय था जब टेलीविजन पर दो-तीन कार्यक्रम ही प्रसारित होते थे लेकिन आज टीवी चैनलों पर 24 घंटे प्रसारण हो रहा है। पुराने समय में विद्यार्थियों का लक्ष्य शिक्षित होकर डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर या छोटी-मोटी सरकारी नौकरी पानी तक रहता था लेकिन आज विद्यार्थियों के सम्मुख हजारों विकल्प मौजूद हैं।

हरविंदर कल्याण ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। जिस भी विषय के प्रति उनका रुझान हो उसी में आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत से ज्ञान अर्जित करने वालों की तरक्की खुद ब खुद होती है। पढ़ाई डिग्री के लिए नहीं ज्ञान अर्जित करने के लिए होनी चाहिए। सभी महापुरुष कठिन परिस्थितियों से निकलकर ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने आईडीबीआई बैंक की ओर से स्कूल में दिए गए वाटर कूलर का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, एसडीएम राजेश सोनी जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ढुकराल, बीआरसी जोगेंद्र सिंह, प्रिंसिपल इंद्रजीत कालिया, बैंक मैनेजर शशि सरान, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी आदि मौजूद रहे।

# भूमिहार ब्राह्मण महासंघ ने शुरू किया प्रबुद्ध सदस्यता अभियान

### देशभर से मात्र 100 लोग होंगे सदस्य

### ■ पूर्व यूएन अधिकारी कुलाधिपति डॉ मार्कंडेय राय हुए प्रथम सदस्य

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय भूमिहार ब्राह्मण महासंघ ने रविवार को दिल्ली में मकर संक्रांति मिलन समारोह के अवसर पर प्रबुद्ध सदस्यता अभियान की शुरूआत किया है। इसकी जानकारी देते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनीष कुमार शेखर ने बताया कि प्रबुद्ध सदस्यता के लिए कोई शुल्क नहीं है। दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की लिखित 7 खंडों के पुस्तक का सेट जिसकी किमत 5100 रुपए जिसे खरीदने या महासंघ के द्वारा भेंट किये जाने पर प्रबुद्ध सदस्यता प्रदान किया जाता है।

मकर संक्रांति मिलन समारोह के अवसर पर प्रथम प्रबुद्ध सदस्य के रूप में यूनाइटेड नेशन के पूर्व अधिकारी एवं इंदिरा गांधी टेक्नोलॉजीकल एंड मेडिकल साइंसेज यूनिवर्सिटी अरूणाचल प्रदेश के कुलाधिपति डॉ मार्कंडेय राय को सदस्यता



कुलाधिपति डॉ मार्कंडेय राय को प्रबुद्ध सदस्यता के बाद दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की लिखित पुस्तकें भेंट करते हुए कुलाधिपति डॉ प्रियरंजन त्रिवेदी एवं महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार शेखर। (छायाः एसबी)

दी गई जिन्हें महासंघ के संरक्षक कुलाधिपति डॉ प्रियरंजन त्रिवेदी एवं महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार शेखर ने दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की लिखित 7 खंडों की पुस्तक का सेट भेंट किया। शेखर ने बताया कि देशभर से मात्र 100 लोगों को ही प्रबुद्ध सदस्यता प्रदान किया जाएगा जिसके लिए अखिल भारतीय भूमिहार ब्राह्मण महासंघ की वेबसाइट www.bhumihar.org से सदस्यता फार्म प्राप्त किया जा सकता। सदस्यता के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं है लेकिन सबसे पहले प्राप्त 100 लोगों को ही प्रबुद्ध सदस्यता प्रदान किया जाएगा।

# यूपी में एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर का बड़ा विस्तार



(एजेन्सी)।

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से 10 प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें से, उत्तर प्रदेश को क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करने के लिए अभूतपूर्व एयरोस्पेस और रक्षा इकाई और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 पेश की गई थी। नीति में राज्य भर में 1 लाख युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने की क्षमता के साथ 50,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। कैबिनेट की बैठक प्रयागराज के त्रिवेणी परिसर में हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा इकाई और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना, स्वदेशी क्षमताओं में तेजी लाना, नवाचार को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। नीति का लक्ष्य यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारे के भीतर एक मजबूत, उच्च तकनीक और कुशल ए एंड डी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर उत्तर प्रदेश में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को मजबूत करना है। यह क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं के विकास के लिए स्टार्टअप और निवेश को आकर्षित करने का भी प्रयास करता है।

यूपीडीआईसी में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशल और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ए एंड डी-आधारित सामान्य सुविधा केंद्रों की योजना बनाई गई है। नीति का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देते हुए बड़ी एएंडडी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा और एयरोस्पेस परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन जाए।

### लोस चुनाव में चुनाव के बेहतर प्रबंधन के लिए पूर्वी चंपारण को चुना गया

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोतिहारी सौरभ जोरवाल किए जाएंगे पुरस्कृत

संजना भारती संवाददाता

**मोतिहारी।** लोकसभा चुनाव में देश के सभी जिलों में से चुनाव के बेहतर प्रबंधन के लिए पूर्वी चंपारण को चुना गया है। राष्ट्रपति द्वारा चुनाव संबंधी सर्वोत्तम कार्य प्रणाली के लिए यह पुरस्कार जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल को दिया जाएगा।

यह पुरस्कार चुनावों के संचालन में बेहतर प्रबंधन, आईटी पहल, सुरक्षा प्रबंधन इत्यादि में योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाएगा।

उक्त जानकारी भारत स्काउट और गाइड के जिला मुख्य आयुक्त रत्नेश्वरी शर्मा ने दी है।

बिहार के लिए गर्व की बात है कि भारतीय चुनावों की भव्यता, चुनाव सुधार, तकनीकी प्रगति और चुनाव प्रबंधन नवाचारों को प्रदर्शित करने वाले इस पुरस्कार के लिए इस वर्ष पूर्वी चंपारण का चयन इस पुरस्कार के



लिए किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस राष्ट्रीय, राज्य, जिला, निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र स्तर पर मनाया जाता है, जो इसे देश के सबसे बड़े समारोहों में से एक बनाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन के सभी कर्मियों की मेहनत और जिले के नागरिकों के सहयोग को कारण बताया है और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सम्पादकीय

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगी वादों की बौछार

**भाजपा** दिल्ली की सत्ता में आने पर पार्टी जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा देगी। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज बंद कर देगी। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग हटकर देखा जाए तो फ्री एजुकेशन का यह मसला अपने आप में बहुत ही गंभीर मसला है और दुर्भाग्य से इस परिस्थिति के लिए इस देश के सभी राजनीतिक दल जिम्मेदार है। आज कोई भी राष्ट्रीय या बड़ा क्षेत्रीय दल सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के लिए अपने आपको जिम्मेदार से मुक्त नहीं बता सकता है क्योंकि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कभी न कभी सत्ता का सुख जरूर भोगा है। गठबंधन राजनीति के दौर में, देश की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर राजनीतिक दल या तो केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे हैं या किसी ना किसी राज्य में सरकार चला चुके हैं या वर्तमान में भी चला रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गई हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जब साइंस और मैथ्स जैसे विषयों के अध्यापकों की भारी कमी है तो देश के अन्य राज्यों के स्कूलों का अंदाजा आप लगा सकते हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली ड्रेस की गुणवत्ता और किताबों पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। एनसीईआरटी तो समय पर किताब छपवाना ही भूल गई है। मिड डे मील ने तो स्कूलों में पढ़ाई की हालत और ज्यादा खराब कर दी है लेकिन इसके विकल्प की भी कोई तलाश नहीं की जा रही है। सरकारी अस्पतालों की हालत भी कितनी दयनीय हो चुकी है, यह सब जानते हैं। दिल्ली के एम्स जैसे अस्पताल में भी ऑपरेशन की डेट कई-कई साल बाद मिलने की खबरें लगातार आती हैं। एम्स और सफदरजंग जैसे अस्पतालों के इर्द-गिर्द खुल चुके सैकडों प्राइवेट लैब्स यह बताने के लिए काफी है कि इन दोनों सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की आस में आने वाले लोगों को हजारों रुपए खर्च कर बाहर से ही जांच करवाना पड़ता है। सरकारी अस्पताल में पूरी दवाई मिल जाए, इसकी उम्मीद तो अब लोग वर्षों पहले ही छोड़ चुके हैं लेकिन अब उचित जांच और उचित इलाज की उम्मीद भी दम तोड़ती नजर आ रही है। जब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी खराब है तो आप देश के अन्य राज्यों के सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का अंदाजा बखूबी लगा सकते हैं। विडंबना देखिए कि, सरकारों ने इस बारे में अब सोचना तक छोड़ दिया है, कार्रवाई के बारे में तो भूल ही जाइए। आंकड़े बताते हैं कि देश में डॉक्टरों की बड़े पैमाने पर कमी है लेकिन एमबीबीएस जैसे बेसिक डॉक्टरी की पढ़ाई पर भी सरकार का फोकस नहीं है, जिससे इस कमी को दूर किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल 13 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा को क्वॉलिफाई किया था लेकिन देश में एमबीबीएस की सीटें एक लाख 8 हजार के लगभग ही है। इसमें से भी सरकारी सीटें सिर्फ 56 हजार के लगभग ही है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एक साल की फीस एक से डेढ़ करोड़ के बीच है यानी एमबीबीएस की चार सालों की पढ़ाई के लिए प्राइवेट कॉलेजों में 4 करोड़ से लेकर 6 करोड़ तक सिर्फ फीस ही देनी होगी। अब इसमें बाकी खर्चों को भी जोड़ लीजिए। सोचिए, इस हालत में भला मिडिल क्लास का कौन सा परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के बारे में सोच सकता है? सरकारों ने लोगों को मुफ्त और उचित इलाज नहीं दे पाने की अपनी नाकामी को छिपाने के लिए बीमा योजनाओं का सहारा लेना शुरू कर दिया है। जिन योजनाओं का फायदा आम लोगों से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों को ही हो रहा है। फ्री, फ्री और रेवड़ियों के इस दौर में सरकारों ने अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है। यह अपने आप में सबसे बड़ी चिंता का विषय है। लेकिन कभी न कभी तो इस देश के बड़े तबके खासतौर से लाभार्थी वर्ग के लोगों को आगे बढ़कर सरकारों से और राजनीतिक दलों से यह कहना ही होगा कि "आप हमें बेवकूफ बनाना बंद कीजिए।

## जयंती

### सुभाष चंद्र बोस



जन्म-23 जनवरी, 1897 ई., कटक, उड़ीसा; मृत्यु-18 अगस्त, 1945 ई., जापान) के अतिरिक्त भारत के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ, जो एक साथ महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी और अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठकर कूटनीति तथा चर्चा करने वाला हो। भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाष चंद्र बोस ने करीब-करीब पूरे यूरोप में अलख जगाया। बोस प्रकृति से साधु, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। महात्मा गाँधी के नमक सत्याग्रह को 'नेपोलियन की पेरिस यात्रा' की संज्ञा देने वाले सुभाष चंद्र बोस का एक ऐसा व्यक्तित्व था, जिसका मार्ग कभी भी स्वार्थों ने नहीं रोका। जिसके पाँव लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे, जिसने जो भी स्वप्न देखे, उन्हें साधा। नेताजी में सच्चाई के सामने खड़े होने की अद्भुत क्षमता थी।

## पुण्यतिथि

### अमिय कुमार दास



जन्म: 1895, असम; मृत्यु: 23 जनवरी, 1975, गुवाहाटी, असम) भारतीय समाजसेवी, गाँधीजी के विचारों के अनुयायी, लेखक और असम के प्रमुख राष्ट्रीय नेता थे। ये लोक नायक के रूप में भी लोकप्रिय थे। उन्होंने स्नातक की शिक्षा कोलकाता से पूरी की। कानून की पढ़ाई कर रहे थे कि ये गाँधीजी के असहयोग आंदोलन के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर तेजपुर वापस आ गए और आंदोलन को संगठित करने में लग गए।

## कल मिलेंगे

**मास्टर जी**-बताओ, कुतुबमीनार कहां है?
**चिंटू**-पता नहीं
**मास्टर जी**-फिर बेंच पर खड़े हो जाओ
चिंटू बेंच पर खड़ा हो जाता है और कुछ देर बाद कहता है, मास्टर जी यहां से भी नहीं दिख रहा है.
पूरे क्लास में छा गई शांति!

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# रेबड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव

दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है

-सुरेश हिंदुस्तानी

**देश** की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेबड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। इससे ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल रेबड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेबड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदमों को उसी ओर बढ़ाने की ओर प्रवृत हुई है, जिस ओर आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस बार यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी।

वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेबड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं।

दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने गठबंधन को धता बताकर अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। साथ ही ऐसा कहना भी समुचित ही होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लकजरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया है, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइस भी नहीं है। आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला था, लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया ही है कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मतों की प्राप्ति में कमी हो सकती है और कांग्रेस का मूल वोटर इस बार कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है। खैरङ्क मूल विषय रेबड़ी का है। मुफ्त की रेबड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बात... क्या रेबड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती: नेताजी के प्रेरक प्रसंग सदैव रहेंगे प्रासंगिक

नेताजी द्वारा गठित आजाद हिंद फौज ने आजादी की लड़ाई को बड़ा संबल दिया। उनका प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, बोलने मात्र से हमारे भीतर नई चेतना जगाता है। उनसे जुड़ी कई घटनाएं ऐसी हैं जो चमत्कारी और अद्भुत रही। अव्वल तो उनकी मौत? जो रहस्यमय तरीके से 18 अगस्त, 1945 को एक विमान दुर्घटना में हुई

-डॉ. रमेश ठाकुर

**असाधारण** कौशल नेतृत्व करने वाले करिश्माई सुभाष चंद्र बोस उर्फ नेताजी की आज 128वीं जयंती हैं। उनके योगदान को आज पूरा देश याद कर रहा है। जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में हुआ था। बोस के प्रेरक वचनों को मौजूदा समय के लोग क्या, आने वाली पीढ़ियां भी अनवरत अनुसरण करती रहेंगी। उनके व्यक्तित्व के संबंध में जितनी भी व्याख्याएं शब्दों से जाएं, कमतर हांगी। क्योंकि ऐसे महापुरूष विरले धरा पर आते हैं। बोस के अवतरण ने इस धरती को भी गौरवांतित किया था। वो ऐसे भारतीय राष्ट्रवादी योद्धा थे, जो देशभक्ति की अलख जगाने में असंख्यक लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़कर गए। उनकी नेतृत्व क्षमता से महात्मा गांधी बहुत प्रभावित थे, तभी उनको बड़ी जिम्मेदारी दीं। प्रत्येक जिम्मेदारियों को उन्होंने बखूबी निभाया। बोस ने अपने विचारों से देश के युवाओं को प्रेरित किया था। बोस कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न हो, तो जीवन का अर्थ नहीं? उन्होंने कहा था, व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होगी, तो वह महान नहीं बनेगा। बोस का एक प्रेरक प्रसंग जिसे लोगों ने अपने जीवन में उतारा, वह ये है अगर कभी झुकने की नौबत आए, तब भी वीरों की तरह ही झुकना।

नेताजी द्वारा गठित आजाद हिंद फौज ने आजादी की लड़ाई को बड़ा संबल दिया। उनका प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, बोलने मात्र से हमारे भीतर नई चेतना जगाता है। उनसे जुड़ी कई घटनाएं ऐसी हैं जो चमत्कारी और अद्भुत रही। अव्वल तो उनकी मौत? जो रहस्यमय तरीके से 18 अगस्त, 1945 को एक विमान दुर्घटना में हुई। बोस की मौत कब तक संसार के लिए पहेली रहेगी, जिसकी तारीख-दिन शायद कभी मुकर्रर हो? मौत को लेकर कई तरह के भ्रम हैं। कोई कहता है विमान के जलने से उनकी मृत्यु ताइवान के अस्पताल में हुई? कोई कहता है वह उसके बाद भी जीवित रहे, लेकिन दुनिया के सामने नहीं आए? आजादी से लेकर अब तक की सरकारों ने भी कोई स्थिति स्पष्ट नहीं कीं।

बहरहाल, प्रेरणा के लिए बोस का संपूर्ण जीवनकाल न सिर्फ भारतीयों के लिए, बल्कि समूचे संसार के लिए किताब जैसा है। उन्हें जितना पढ़ेंगे, उतना ही ज्ञानवान होंगे। सुभाष चंद्र बोस सबसे प्रभावशाली स्वतंत्रता सेनानी नेताओं में गिने जाते थे। जय हिंद और दिल्ली चलो के नारों ने अंग्रेजों के पसीने छुडा दिए थे। उनके आह्वान मात्र से लोगों की भीड़ एकत्र हो जाती थी। जबकि, मौजूदा समय के विभिन्न दलों के राजनेता भाड़े से बुलाकर भी उतने लोग अपनी सभाओं में खडा नहीं कर पाते? ये तथ्यात्मक है कि आजाद हिंद फौज के गठन से भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कोई नहीं भुला सकता। बोस स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपनाए गए अपने उदारवादी दृष्टिकोण और समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते थे।

उनके शुरूआत से लेकर अंत तक के जीवन पर प्रकाश डालें, तो नेताजी के पिता कटक के सफल अधिवक्ता हुआ करते थे जिन्हें राय बहादुर के नाम से भी जानते थे। बोस की शुरूआती शिक्षा कटक के ही प्रोटेस्टेंट यूरोपियन स्कूल में हुई थी। बाद में उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उम्र जब 16 वर्ष की हुई तो स्वामी विवेकानन्द और रामकृष्ण की रचनाओं को पढ़ना शुरू किया जिससे वह काफी प्रभावित हुए। यहीं से उनका जीवन बदल गया। नेताजी सिविल सेवा करना चाहते थे जिसकी तैयारी के लिए इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय चले गए। वर्ष-1920 में उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी बीच अप्रैल 1921 में, भारत में राष्ट्रवादी उथल-पुथल होना शुरू हुआ, जिसको देखकर उन्होंने अपनी नौकरी नहीं, बल्कि देश आजाद करने का निर्णय लेकर भारत वापस आ गए।

भारत आकर तुरंत असहयोग आंदोलन से जुड़ गए। आंदोलन के दौरान, उन्हें महात्मा गांधी ने चितरंजन दास के अधीन कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी। जो उनके राजनीतिक गुरु भी बने। उसके बाद, वह बंगाल कांग्रेस स्वयंसेवकों के युवा शिक्षक और कमांडेंट भी बनाए गए। कुछ सालों तक वह स्वराज नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया। आजादी के लड़ाई में उन्हें जेल भी जाना पड़ा। सन 1927 में जब जेल से रिहा हुए तो, कांग्रेस पार्टी के महासचिव बने और स्वतंत्रता के लिए जवाहरलाल नेहरू के साथ काम करना आरंभ किया। बोस कम उम्र से ही सफलता की सीढ़ियां तेजी से चढ़ते गए। उनके बढ़ते कदम अन्य नेताओं को असहज करने लगे थे। 1938 में उनको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। तब उन्होंने एक राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया, जिसमें व्यापक स्तर पर औद्योगीकरण नीतियां तैयार की गईं। 23 जनवरी वह तारीख है जिस दिन बोस के योगदान की भूमिकाओं को हम याद करते हैं। आज उनकी 128वीं जयंती पर उन्हें पूरा देश याद करेगा।

आजाद हिंद फौज में शामिल होने के लिए भारत के नौजवान आतूर रहते थे। तब, हर कोई नेजाती से जुड़ना चाहता था। अंडमान को जापानियों से मुक्त भी उन्होंने बड़े अनोखे अंदाज में करवाया था। अपनी फौज के साथ वह अंडमान गए और जापानियों को वहां से खदेड़कर कब्जा मुक्त करवाकर भारत का झंडा फहरा दिया। 1944 की शुरूआत में, आजाद हिंद फौज की तीन इकाइयों ने अंग्रेजों को भारत से बाहर करने के लिए भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्सों पर हमले में भाग लिया। आजाद हिंद फौज के सबसे प्रमुख अधिकारियों में से एक, शाह नवाज खान के अनुसार, भारत में प्रवेश करने वाले सैनिक जमीन पर लेट गए और पूरी भावना के साथ अपनी मातृभूमि की पवित्र मिट्टी को चूमा। बोस को अपने देश से बेपनाह मोहब्बत थी, कुछ भी कर गुजरने को चौबीसों घंटे तैयार रहते थे। इसलिए उनके तमाम प्रेरक प्रसंग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# अमेरिका भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है: मार्को रूबियो

(एजेन्सी)।

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है साथ ही अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों का भी हल निकालना चाहता है। रूबियो की प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूबियो (53) ने सबसे पहले भारत के विदेश मंत्री के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करने को तरजीह दी जिससे एक प्रकार से यह संदेश गया कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने को काफी अहमियत देता है।

उन्होंने चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) की मंत्रिस्तरीय बैठक के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में जयशंकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बैठक के बाद एक बयान में कहा, रूबियो ने भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने और अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों को हल करने की ट्रंप प्रशासन की इच्छा को रेखांकित किया। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि दोनों शीर्ष राजनयिकों ने भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

ब्रूस ने कहा, उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों और अमेरिका-भारत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के अवसरों सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि वह विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले रूबियो के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करके प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं।

जयशंकर ने कहा, व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा की जिसके रूबियो मजबूत समर्थक रहे हैं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने के वास्ते उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। जयशंकर अमेरिकी सरकार के निमंत्रण पर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने यहां आए हैं। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

# एचडीएफसी बैंक का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ मामूली बढ़कर 16,736 करोड़ रुपये पर

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ दो प्रतिशत बढ़कर 16,736 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,373 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 87,460 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 81,720 करोड़ रुपये थी। एकीकृत आधार पर भी बैंक का लाभ मामूली सुधार के साथ 17,258 करोड़ रुपये से बढ़कर 17,657 करोड़ रुपये हो गया। आलोच्य तिमाही में एकीकृत कुल आय घटकर 1,12,194 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की अक्टूबर-नवंबर तिमाही में 1,15,016 करोड़ रुपये थी।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) दिसंबर 2024 के अंत तक कुल कर्ज का 1.42 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1.26 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए यानी फंसा कर्ज बढ़कर 0.46 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 2023 की इसी तिमाही में 0.31 प्रतिशत था।

# तुर्किये के रिसॉर्ट में आग से अब तक 76 लोगों की मौत

(एजेन्सी)।

**देश** के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में 12 मंजिला होटल में आग लगने से 76 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। यह घटना बोलू प्रांत के कोरोग्लू पहाड़ों में कार्तलकाया के ग्रैंड कार्तल होटल में हुई। अधिकारियों के अनुसार, आग से बचने के लिए होटल की इमारत से कूदते समय दो लोगों की जान चली गई। आग स्कूल की छुट्टियों के दौरान लगी। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने यह जानकारी दी। येरलिकाया ने कहा कि मृतकों में से 45 की पहचान कर ली गई है, जबकि अन्यकी पहचान के प्रयास जारी हैं। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने इस घटना की जांच के तहत नौ लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस भीषण अग्निकांड के दोषियों को कड़ी सजा देने का ऐलान किया है।

कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों के सहारे अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। आयदीन ने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया।

इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। तुर्किये में स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं और इस दौरान क्षेत्र के होटल आम तौर पर भरे हुए रहते हैं। आयदीन के कार्यालय ने बताया कि दमकल के 30 ट्रक और 28 एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया। एहतियात के तौर पर रिसॉर्ट के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया और मेहमानों को बोलू के आसपास के होटलों में ठहराया गया है। इस बीच, मध्य तुर्किये में एक अन्य स्की रिसॉर्ट के होटल में विस्फोट की घटना में चार लोग घायल हो गए। विस्फोट सिवास प्रांत के यिल्डिज माउंटेन विंटर स्पोर्ट्स सेंटर में हुआ। सिवास गवर्नर के कार्यालय ने बताया कि घटना में स्कीइंग प्रशिक्षण लेने वाले दो लोग और उनका प्रशिक्षक तथा एक अन्य प्रशिक्षक झुलस गए।

# युवा खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैचों में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना प्रेरणादायक: जाफर

**बेंगलुरु (एजेन्सी)।** भारतीय एकदिवसीय टीम के उप-कप्तान शुभमन गिल का अपने राज्य की टीम के लिए खेलने का उदाहरण देते हुए पंजाब के मुख्य कोच वसीम जाफर ने कहा कि घरेलू सर्किट में अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणादायक होगी। गिल बृहस्पतिवार से यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए खेलेंगे। इसी तरह रोहित शर्मा, यशस्वी जयसवाल, ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा जैसे अन्य शीर्ष सितारे भी टूर्नामेंट के इस दौर में अपनी राज्य टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज जाफर ने यहां पत्रकारों से कहा, युवा खिलाड़ी इन अनुभवी खिलाड़ियों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने और सफलता हासिल करने के बारे में सीख सकते हैं। वे इन खिलाड़ियों के खेल के नजरिये को समझ सकते है। यह काफी प्रेरक है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में कई युवा खिलाड़ी है जो गिल को करीब से देखकर सीख सकेंगे। पंजाब की टीम को गिल की सेवाएं मिलेंगी लेकिन टीम को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के बिना मैदान में उतरना होगा। ये दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ भारत की टी20 टीम का हिस्सा है। पंजाब इस समय ग्रुप में पांचवें स्थान पर है और उसके लिए टूर्नामेंट के अगले चरण में जाने के लिए इस मैच को जीतना जरूरी है।

# खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी: मांडविया

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो खोखो उन छह खेलों में से एक होगा जिन्हें मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ट्वेंटी-20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज और स्क्वाश के साथ 2036 ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश करने की योजना बना रही है।

विश्व कप जीतने वाली भारतीय खोखो टीमों को सम्मानित करते हुए मांडविया ने कहा, हमने खोखो विश्व कप का आयोजन करके शानदार काम किया है और हमें यह प्रयास करना चाहिए कि इन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिले। उन्होंने कहा, सरकार का प्रयास खोखो को 2036 के ओलंपिक में ले जाना भी है। इसके लिए खिलाड़ियों और कोचों को अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा, महासंघ को अच्छा प्रबंधन करते रहना होगा और खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने में सहायता और सहयोग करता रहेगा।

सम्मान समारोह में पुरुष और महिला टीमों के साथ टीम के कोच और भारतीय खोखो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल सहित अन्य लोग शामिल हुए। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खोखो विश्व कप का खिताब जीता। दोनों भारतीय टीमों ने फाइनल में नेपाल को हराया। देश में पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान के बारे में बात करते हुए मांडविया ने कहा, पारंपरिक खेल सामुदायिक भावना और सहनशीलता को दशार्ते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे पारंपरिक खेल मूल्यों को बनाए रखते हैं। दुनिया इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीख सकती है।की।

# गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

(एजेन्सी)।

**कोलकाता** के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मुकाबला खेला जा रहा है। जहां भारत ने टॉस जीता और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इस दौरान टीम इंडिया के गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इतिहास रच दिया। दरअसल, वह भारत की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस कड़ी में उन्होंने युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड तोड़ा है। दरअसल, अर्शदीप ने पहले ही ओवर में इंग्लैंड को बड़ा झटका देते हुए फिल सॉल्ट को आउट किया उसके बाद उन्होंने बेन डकेट को भी पवेलियन भेजा। वहीं टी20 में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम था। चहल को इस मुकाम तक पहुंचने में 7 साल लगे। उन्होंने 2016 से लेकर 2023 तक 80 टी20 मैच में 96 विकेट झटके थे। लेकिन अर्शदीप ने महज 2022 से 2025 तक नंबर 1 पर कब्जा जमा लिया है। उन्होंने ये कारनामा महज 61वें टी20 मैच में कर दिखाया है। वहीं टीम इंडिया ने पहले टी20 में बेहतरीन शुरूआत की है। पॉवर प्ले में ही टीम इंडिया को 2 विकेट की सफलता मिली। हालांकिस मैच में प्लेइंग 11 हैरान करने वाली है। क्योंकि पहले टी20 मैच में महोम्मद शमी को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला है।

**टी20 में भारत के सबसे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज**

97 अर्शदीप सिंह, 96 युजवेंद्र चहल, 90 भुवनेश्वर कुमार, 89 जसप्रीत बुमराह, 89 हार्दिक पंड्या

# दिव्यांका त्रिपाठी को उनके सीए ने दिया धोखा

**(एजेन्सी)।** टेलीविजन इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी किसी पहचान की मौहताज नहीं है। दिव्यांका त्रिपाठी ने 'ये है मोहब्बतें' में अपनी भूमिका से लोगों के दिलों में जगह बनाई है। बेहद सुलझी हुई और मासूम सी दिव्यांका त्रिपाठी ने अपने बारे में एक हैरान करने वाली जानकारी साझा की है। दिव्यांका त्रिपाणी ने बताया है कि हाल ही में उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने ही उनके साथ धोखाधड़ी की थी। इसका खुलासा खुद दिव्यांका त्रिपाणी ने हाल ही में किया है। उन्होंने बताया कि कैसे उनका सीए उनकी मेहनत की कमाई के 12 लाख रुपये लेकर भाग गया था। मीडिया प्लेटफॉर्म हिंदी रश के साथ एक साक्षात्कार में दिव्यांका ने घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उनके सेट पर कई अभिनेताओं के खातों का प्रबंधन करने वाले विश्वसनीय सीए ने शुरूआत में दो साल तक कुशलता से काम किया। "मैं दिन में 20-24 घंटे काम कर रही थी और मुझे दूसरे सीए से सलाह लेने या उनके काम को सत्यापित करने का समय ही नहीं मिलता था। वह दूसरे शहर से आया था और भरोसेमंद लगता था,"। दिव्यंका ने बताया कि कैसे सीए ने उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करने और अपने टैक्स का प्रबंधन करने के लिए राजी किया। "उसने मुझसे कहा, 'मैम, आप ज्यादा खर्च नहीं कर रही हैं। आपके टैक्स का क्या होगा?' मैंने अपने नाम से एक बैंक के चार चेक साइन किए, और बाकी का काम उसी को सौंपने का भरोसा दिया।

# रनिंग कर्मचारी एवं गार्ड कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग एवं धरना प्रदर्शन




**एसबी संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज रेलवे स्टेशन अंतर्गत संयुक्त बुकिंग लॉबी के सामने ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल के संयुक्त आवाहन पर सभी रनिंग कर्मचारी एवं गार्ड कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग एवं धरना प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों का कहना है कि सातवें वेतन आयोग के अनुसार जब महंगाई भत्ता 50 फीसदी से अधिक हो गया तब अन्य सभी भत्तों में 25 परसेंट की बढ़ोतरी की गई परंतु रेलवे बोर्ड के द्वारा रनिंग कर्मचारियों का माइलेज रेट को बढ़ाने से इनकार कर दिया गया।

हर बार रेलवे बोर्ड के द्वारा रनिंग कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है इसके विरोध में समस्त भारत के रनिंग कर्मचारी एवं गार्ड काउंसिल के द्वारा दिनांक 22-1-25 को (ब्लैक डे) विरोध दिवस के रूप में मनाया जा रहा है साथ ही सभी कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर सुचारू रूप से गाड़ियों की परिचालन कर रहे हैं कर्मियों का कहना है कि उनकी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए अन्यथा यह विरोध और भी विकराल रूप धारण करेगा।

साहिबगंज में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एलआरएसए शाखा अध्यक्ष श्री रवि रंजन के द्वारा किया गया जिसमें एलआरएसए एवं गार्ड काउंसिल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# कालका महाविद्यालय में पांच दिवसीय सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**

**पंचकूला।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत पांच दिवसीय सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। यह वर्कशॉप 21 से 25 जनवरी तक चलेगी। इसमें महाविद्यालय के लगभग 80 छात्रों ने हिस्सा लिया जिसमें मार्शल आर्ट के कोच श्री संजय कुमार ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुण सिखाए। इस अवसर पर प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने कहा कि आज के समय में छात्राओं में आत्मविश्वास होना बहुत आवश्यक है और इसके लिए उनको मार्शल आर्ट सीखना चाहिए ताकि समय पड़ने पर वह अपनी रक्षा खुद कर सकें। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक सुनीता चौहान ने विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सह प्रभारी डॉ नीरू शर्मा तथा अन्य सदस्य प्रोफेसर डॉक्टर इंदू, प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु, प्रोफेसर डॉक्टर कविता, डॉक्टर शबनम अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

# रेडियो चैनल पर मेरी लाडो कार्यक्रम में दी जाती है महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी

## ■ जिन बेटियों की आयु एक वर्ष से कम, डब्ल्यूसीडी विभाग ने उनकी माताओं को किया सम्मानित



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मोरनी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एक वर्ष से कम लड़कियों व माता को आमंत्रित किया गया। साथ ही महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया।

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. सविता नेहरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में एक साल से कम आयु वाली बेटियों की माताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत बीपीएल के लाभार्थियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। साथ ही इस महीने में जन्म लेने वाली बेटियों से केक भी कटवाया गया। उन्होंने बताया कि 10 वर्षों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लगातार जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं, जिनमें लोगों को जेंडर सेंसटाइजेशन, बाल विवाह व लड़कियों की शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इन्हीं अथक प्रयासों से अब लोगों की सोच में परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी के साथ महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किया गया रेडियो चैनल मेरी लाडो के बारे में अवगत करवाया गया। इस चैनल में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर बात की जाती है। हर वीरवार को चंडीगढ़ से सुबह 10:45 बजे से 11 बजे तक प्रसारित किया जाता है। इसके लिए न्यूज ऑन एयर एप डाउनलोड करें। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं से अवगत करवाया गया। साथ ही डीएचईडब्ल्यू के बारे में भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर सुनील कुमारी ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से पूनम सूद ए.एन.एम., रितु आशा वर्कर, सोनिया, आंगनवाड़ी वर्कर सरोज कुमारी, मीनाक्षी, चंपा व सुनीता देवी, सतपाल शर्मा उपस्थित रहे।

# ई-ऑफिस के प्रयोग से कार्य में आएगी तीव्रता, होगी समय की बचत: एडीसी यश जालुका



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने कहा कि ई ऑफिस समय की बचत के लिए सही माध्यम है। सरकार के निर्देशों के अनुसार सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का ई-ऑफिस पर अकाउंट बना हुआ है और सभी को कार्यालय से संबंधित सभी कार्य और फाइलों का आदान-प्रदान ई-ऑफिस से करने निर्देश भी सरकार द्वारा जारी किए गए है। सभी विभागों को ई ऑफिस प्रणाली का प्रयोग सुनिश्चित करना है। एडीसी बुधवार को स्थानीय डॉ मंगलसेन सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई ऑफिस प्रशिक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे।

एडीसी ने कहा कि ई-ऑफिस सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसकी समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है। ई-ऑफिस का प्रयोग कार्यालयों के कार्य को सरल करता है और इससे समय भी बचता है। ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली में सुधार भी आता है। ई-ऑफिस का मतलब है इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस। यह एक डिजिटल कार्यस्थल समाधान है। इसमें कंप्यूटर-आधारित सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके कार्यालय के काम किए जाते हैं। ई-ऑफिस का मकसद कागजों का इस्तेमाल कम करना और कार्यालय के कामों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में करना होता है। ई-ऑफिस से कार्यालय के कामों में पारदर्शिता बढ़ती है। इससे जवाबदेही बढ़ती है और निर्णय लेने की गति में तेजी आती है।

उन्होने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी दैनिक आधार पर ई-ऑफिस का प्रयोग करें और सभी फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। जिला स्तर के कार्यालयों की समीक्षा के दौरान ई-ऑफिस की प्रगति रिपोर्ट बेहतर, इसके लिए सभी कार्यालयों में फाइल का आदान-प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करे। यह भी सुनिश्चित करें कि ई-ऑफिस पर भेजी जाने वाली फाइलों का समय पर निपटारा भी हो। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के दिशा-निर्देशानुसार कार्य करते हुए पारदर्शिता को महत्व दें और अपनी फाइलों का आदान प्रदान केवल ई-ऑफिस से ही करें। इस प्रणाली को अपनाकर कम समय में बेहतर कार्य किया जा सकता है। साथ ही फाइलों का रिकार्ड भी सुरक्षित रहता है। ई-ऑफिस के माध्यम से सरकार कार्य में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चाहती है।

इस अवसर पर एसडीएम राहुल, एसीयूटी योगेश सैनी, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंड़ा राजेश सोनी,सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार तथा नगराधीश मोनिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित



**एसबी ब्यूरो**

**दलसिंहसराय।** गौतम बुद्ध आईटीआई परिसर में बुधवार को श्रीराम प्रति स्थापना प्रथम दिवस के अवसर पर समस्तीपुर जिला दक्षिणी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शशिधर झा का समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्ति के द्वारा मिथिला परंपरा के अनुसार चादर, पाग एवं पुष्प हार के द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें गौतम बुद्ध आईटीआई के निदेशक समाजसेवी ई. अमित अभिषेक,पूर्व मुखिया रामपुर जलालपुर सुमित भूषण चौधरी उर्फ विपुल जी, प्रो.पी के झा प्रेम,भाजपा युवा कार्यकर्ता पुरुषोत्तम भारद्वाज, अभिनव आनंद आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शशिधर झा के द्वारा संस्था के संचालक ई.अमित अभिषेक के साथ-साथ सामाजिक कार्य में विशिष्ट योगदान नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष सुमित भूषण, प्रदेश नेता अरविंद कुशवाहा, प्रो. प्रेम झा, पहलवान सुमन, युवा नेता पुरुषोत्तम भारद्वाज, कुशल युवा के उत्कृष्ट कार्य के लिए धीरज झा एवं सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव आनंद, नगर परिषद के उत्कृष्ट समाजसेवी चंदन मिश्रा, कुशल युवा के विशिष्ट शिक्षक गंगेश पासवान को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक ई. अमित अमित अभिषेक एवं प्रबंधक धीरज झा, प्राचार्य राजकुमार चौधरी के द्वारा किया गया।

मौके पर गुंजन सम्राट, मनोज कुमार, मुकुल चौधरी, सुभाष कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 10वीं नेशनल ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल चैंपियनशिप में हुआ चयन

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** 10वीं नेशनल ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल चैंपियनशिप में अकबरनगर के चार खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में हुआ है। टीम में खिलाड़ी सीनियर वर्ग में राजीव रंजन, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार और जूनियर वर्ग में किशन कुमार का चयन हुआ है। चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 26 जनवरी 2025 तक भुवनेश्वर के सेंचुरियन यूनिवर्सिटी में होगा है। जिसमें सभी खिलाडी भाग लेगे। बिहार टीम के कोच राजा कुमार ने इसकी जानकारी देकर बताया कि बिहार टीम ट्रायल नेशनल कैंप पटना के गांधी मैदान में हुआ था जिसमें सभी जिले के खिलाड़ियों ने अपना बेहतर खेल दिखाया। बिहार टीम के कोच ने सभी खिलाड़ी के बिहार टीम में चयन होने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# विद्युत विभाग की ओटीएस योजना का लाभ दिया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इन्तजार हुसैन**

**बदायूँ।** वर्तमान में शासन के द्वारा चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत बदायूं नगर के अंतर्गत उपभोक्ता को दिया गया एक लाख से अधिक रुपए का लाभ।

वर्तमान में चलाई जा रही स्कीम ओटीएस के तहत बदायूं नगर में अधिशासी अभियंता संजीव कुमार व उपखंड अधिकारी सुमित कुमार साहू द्वारा लगातार बकायेदार उपभोक्ता के विद्युत बिल जमा करने हेतु विशेष प्रयास कर बड़े बकायेदारों को शासन की द्वारा दिए जा रहे हैं लाभ देकर बकाया धनराशि जमा कराई जा रही है। जिसके अंतर्गत खंड प्रथम बदायूं के अंतर्गत अभी तक ओटीएस योजना 2025 के अंतर्गत 10825 लोगों को लाभ दिया जा चुका है।

## 26 जनवरी को होगा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इन्तजार हुसैन**

**बदायूँ।** क्रीड़ाधिकारी जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि खेल निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय, बदायूँ द्वारा राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2025 के उपलक्ष्य में दो वर्ग में ओपन पुरूष 05 कि०मी० कांस कान्ट्री (दौड) एवं ओपन महिला वर्ग में 03 कि०मी० कांस कान्ट्री (दौड) प्रतियोगिता का आयोजन प्रात: 9 .00 बजे से स्पोर्टस स्टेडियम मैदान में आयोजित करायी जायेगी। उन्होंने जनपद के खिलाडियों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें, अधिक जानकारी हेतु स्टेडियम कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर प्रसाद किया वितरण

**एसबी संवाददाता/अकबरनगर।** अयोध्या में राम जन्मभूमि में स्थापित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर खेरैहिया स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में उत्सव मनाया गया। उत्सव मना कर श्रद्धालुओं के बीच नौ मन दूध से बने खीर का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर खुशी का इजहार कर उत्सव मना नौ मन दूध से बने खीर का प्रसाद वितरण किया गया। बताया कि यह पल हम लोगों के लिए खुशी का पल है। पिछले वर्ष इसी दिन रामलला का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन किया था।

## अप डाउन वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

**एसबी संवाददाता/अकबरनगर।** भुवालपुर फीडर से श्रीरामपुर, खेरैहिया, बसंतपुर, हरियों आदि दर्जनों क्षेत्र मे मिलने वाली बिजली इन दिनों अप डाउन वोल्टेज होने से उपभोक्ता परेशान है। वोल्टेज एकाएक ज्यादा हो जाने से कई उपभोक्ताओं के घरों में लगे टीवी, मोटर जल गया।वहीं एकाएक डाउन हो जाने से मोटर आदि भी नहीं चल पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से वोल्टेज अप डाउन की समस्या हो रही है। लो अप की समस्या होने से कभी वोल्टेज बहुत ज्यादा आ जाती है तो कभी पूरी तरह कम हो जाती है।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# स्वयंसेविकाओं को टीवी क्षय रोग के बारे में जानकारी दी




**एसबी ब्यूरो प्रमुख इन्तजार हुसैन**

**बदायूँ।** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास (पी. जी.) कॉलेज, बदायूं के NSS की द्वितीय इकाई (छात्रा) सात दिवसीय विशेष शिविर का आज दूसरे दिन का शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विनेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को क्षय रोग (टीबी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ विनेश कुमार ने बताया कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण क्षय रोग (टीबी) होता है। आमतौर पर यह बैक्टीरिया फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन टीबी के बैक्टीरिया शरीर के किसी भी भाग जैसे आंत, जननांग, किडनी, रीढ़ और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकते हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। शिविर में प्रो. मनवीर सिंह पूर्व कार्यक्रम समन्वयक ने NSS के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी, निहारिका गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी, अनमोल निधि सहायक कार्यक्रम अधिकारी संदीप राजपूत, उमाशंकर उपस्थित रहे। इससे पहले पूर्वाह्न में स्वयंसेविकाओं नें कार्य क्षेत्र में जाकर क्षय रोग के लक्षणो ववले लोगों को चिन्हित किया तथा उसके जाँच एवं उपचार के बारे में बताया तथा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में समुदाय के लोगों को बताकर जागरूक किया।

# 99 करोड़ की लागत से कंगनघाट के पास बनेगा मल्टी लेवल पार्किंग

## ■ जिला पदाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** पटना साहिब अवस्थित श्री हरिमंदिर साहब जी, कंगनघाट के पास जल्द ही मल्टीलेवल पार्किंग बनकर तैयार हो जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण के लिए 99.26 करोड रुपए का योजना एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। मल्टी लेवल पार्किंग में एक साथ सैकड़ों कार को पार्क करने की व्यवस्था होगी। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए चयनित स्थल का जिला पदाधिकारी, यशपाल मीणा ने निरीक्षण किया।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान अपरसमाहर्ता, एसडीम, हाजीपुर सदर और राघोपुर के अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। चयनित स्थल से संबंधित भूमि का प्रकार, नजरी नक्शा, भूमि का स्वामित्व एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि से संबंधित रिपोर्ट पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने की कवायद शुरू हो गई है।

# खानपुर पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान मिली बड़ी सफलता

# एक देशी कट्टा, तीन गोली का खोखा, एक अपाची मोटर साइकिल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

## ■ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार अपराधी को भेजा जेल



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस ने समस्तीपुर बहेरी मुख्य पथ के इलमासनगर पेट्रोल पम्प के समीप चेक पोस्ट पर देर शाम गहन वाहन चेकिंग अभियान चला कर वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी क्रम में एक अपराधी अपाची मोटर साइकिल से आने की सूचना मिला। जिस पर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस फोर्स ने सख्ती से वाहन चेकिंग शुरू कर दिया। उसी क्रम में एक युवक अपाची मोटर साइकिल पर सवार होकर तेजी से आ रहा था। जिसे रोक कर तलासी लिया गया तो उसके पास से एक देशी कट्टा और तीन कारतूस का खोखा सहित अपाची मोटर साइकिल के साथ बदमाश युवक को गिरफ्तार कर लाया गया।

गिरफ्तार अपराधी के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के इलमासनगर पेट्रोल पम्प के समीप चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान बछौली गांव निवासी रामबाबू महतो के पुत्र विवेक कुमार का बाइक को रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास से एक देशी कट्टा एवं तीन कारतूस का खोखा और एक अपाची मोटर साइकिल बरामद हुआ है। जिसके बाद अपराधी युवक से आवश्यक पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वही थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने आगे बताया कि गिरफ्तार अपराधी युवक के विरूद्ध इससे पहले भी खानपुर थाना में मोटर साईकिल लूट मामले में कांड संख्या-284/2024 दर्ज है। वही बताते चले कि पुलिस को शक है कि इस गहन वाहन चेकिंग कार्रवाई के दौरान पुलिस को देख अन्य अपराधी लोग फरार हो गया होगा। जिसे पता लगा कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

वही गिरफ्तार अपराधी युवक (1) विवेक कुमार पिता-रामबाबू महतो-ग्राम-बछौली के विरूद्ध थाना कांड संख्या-17/2025/दिनांक-22/01/2025-धारा-25(1-B)26a आर्म्स एक्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# खानपुर पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवक को किया गिरफ्तार

## ■ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार दोनों युवक को उपस्थापन हेतु भेजा समस्तीपुर न्यायालय



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस को अलग अलग गाँव से बीती रात गस्ती के क्रम में दूरभाष से सूचना मिला कि (1) टुनटुन पासवान उम्र 35 वर्ष पिता तेतर पासवान व (2) बैजू पासवान उम्र 35 वर्ष पिता कपिलेश्वर पासवान दोनों थाना खानपुर जिला समस्तीपुर ने शराब के नशे धुत है जो हंगामा कर रहा है।सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुये रात्रि गस्ती दल के पुलिस पदाधिकारी ने पुलिस फोर्स के साथ रेबरा गाँव पहुँचकर हंगामा कर रहे दोनों युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया।तथा वही शराब के नशे में गिरफ्तार दोनों युवक के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहा था।सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुये दोनों युवक को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जाँच कर दोनों शराबी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर में चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि पाकर गिरफ्तार दोनों युवक के विरूद्ध खानपुर थाना सनहा संख्या-दर्ज कर गिरफ्तार दोनों युवक को शराब सेवन करने के आरोप में थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने हेतू भेज दिया गया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हरियाणा ने लैंगिक भेदभाव को काबू पाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रदेश सरकार ने गत 10 वर्षों में लैंगिक भेदभाव को दूर करने, बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध करवाने, उनके सपनों को पूरा करने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर वर्ष 2015 में पानीपत की ऐतिहासिक धरती से शुरू किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गत 10 वर्षों में प्रदेश में लिंगानुपात में अभूतपूर्व सुधार करते हुए इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का काम किया गया है। वर्ष 2014 में प्रदेश का लिंगानुपात 861 था जो अब बढ़कर 910 तक पहुंच गया है। राज्य सरकार इस सामाजिक कुरीति को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए लगातार संजीदगी से प्रयास कर रही है ताकि लैंगिक भेदभाव को पूर्ण रूप से दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहाँ पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा



कि लिंगानुपात में अधिक सुधार करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर गंभीरता से कार्य कर रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि हाल ही में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में गांव की महिला सरपंचों को उनके अपने-अपने गांव में एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि एक परिवर्तनकारी पहल को और मजबूती देते हुए लिंगानुपात में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को लेकर दिल्ली के लोगों में भारी रोष है। श्री केजरीवाल ने हमेशा लोगों से झूठे वायदे किए हैं। वह पिछले 10 सालों में दिल्ली को पेरिस बनाने की बात करते रहे, दिल्ली को तो पेरिस बना नहीं पाए लेकिन अपने स्वयं के घर को उन्होंने पेरिस जरूर बना लिया है।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हम आम बजट 2025-26 के लिए बजट पूर्व परामर्श के तहत प्रदेश के लोगों से बात कर उनके सुझाव ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं, उद्यमियों, किसान, प्रतिनिधियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी से भी बजट पर सुझाव लिए हैं ताकि बजट में हर वर्ग के सुझाव को शामिल करते हुए हरियाणा के लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि एक पोर्टल भी बनाया गया है उस पर भी लोग अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों के अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा।

इस अवसर पर मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

# 23 जनवरी रोहेड़ा माजरा गांव में होगा नाइट कैंप का आयोजन

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** राजौंद खंड के गांव रोहेड़ा माजरा में प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से 23 जनवरी को नाइट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि इस शिविर में सभी विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कैंप में अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें की सुन कर मौके पर समाधान का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार राजौंद खंड व आसपास के गांव के नागरिक अपने



विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए इस शिविर में पहुंचेंगे।

# 'हीरो ऑफ द वीक' कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नर पंचकूला द्वारा 9 पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य पुलिस आयुक्तालय पंचकूला ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आम जनता को बेहतर पुलिसिंग का अनुभव देने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम "हीरो ऑफ द वीक" की शुरूआत थी। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, भा0पु0से0 ने इस कार्यक्रम के तहत पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। आज मनसा देवी पंचकूला स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में नौ पुलिसकर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में उप निरीक्षक अभिषेक छिल्लर, उप निरीक्षक जगमीत सिंह, उप निरीक्षक जगदीश कुमार, उप निरीक्षक सुखविन्द्र सिंह, उप निरीक्षक गुरपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार, मुख्य सिपाही सुनील कुमार व मुख्य सिपाही कुलदीप शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान, पुलिस आयुक्त ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं, और मौजूदा कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सुझाव दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भविष्य में भी इसी तरह से बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग का करे अभ्यास: अनु



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

## बच्चों को कराया सूर्य नमस्कार योग का अभ्यास

**असंध।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में योग सहायक अनु के मार्गदर्शन में बच्चों व अध्यापकों ने सूर्य नमस्कार योग का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षिका अनु ने कहा कि सभी योगों में सर्वश्रेष्ठ योग सूर्य नमस्कार से शारीरिक बल के साथ साथ मानसिक बल व आध्यात्मिक बल भी प्रबल होता है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती पर शुरू हुआ यह अभियान 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक पूरे जोश व उत्साह के साथ चलाया जाएगा। योग प्रशिक्षिका अनु ने कहा कि हमें शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योग व प्राणायाम करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। योग करने से बिमारियों से छुटकारा मिलता है।

सूर्य नमस्कार करने से शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान स्कूल के सभी अध्यापकों व बच्चों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

# युवा दिवस के अवसर पर स्कूल में बच्चों से करवाया योग अभ्यास

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा मंचूरी में छात्रों को नमस्कार योग अभ्यास कराया गया। जिसमें रीना रानी योग सहायक की देखरेख में यह योग कराया गया। इसमें उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा चलाया गया यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती से महर्षि दयानंद जयंती तक हर घर हर परिवार में सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य है। ताकि सभी को इसकी जानकारी हो। इससे हमारे शरीर में क्या लाभ होते हैं। छात्रों से सूर्य नमस्कार के साथ-साथ योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। अधिकतम भागीदारी के लिए छात्रों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने हेतु इसके लाभ बताते हुए, यह भी बताया कि हम निरंतर अभ्यास से किन-किन बीमारियों से बच सकते हैं। योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम



से शरीर के अंगों का ही नही बल्कि इससे मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। आजकल के प्रदूषित पर्यावरण और दूषित खानपान के कारण स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना बहुत ही कठिन होता जा रहा है। नित प्रतिदिन मानव के शरीर में नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। मंहगी दवाइयां और मंहगे इलाज से बचने का एक ही माध्यम है केवल योग। योग तनाव से भी राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो सभी तनाव मुक्त जीवन जी सकते है।

# हरियाणा रोडवेज को बेहतर बनाने के लिए पूरे हरियाणा की कंडम बसों का होगा सर्वे: विज

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के मुख्य मार्गों पर ऑटोमेटिक सिस्टम लगाने पर अध्ययन भी किया जा रहा है जिसके माध्यम से यह पता चल जाएगा कि अमुक गाड़ी सड़क पर चलने के लायक है या नहीं है। इसके अलावा, हरियाणा रोडवेज को बेहतर बनाने के लिए पूरे हरियाणा की कंडम बसों का सर्वे भी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन डीजल-पेट्रोल अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है और इस धरती को प्रदूषण से बचाने पर भी हमारा जोर है इसलिए हमारा इलेक्ट्रिक बसों पर भी पूरा बल रहेगा।

श्री विज जयपुर में गत दिवस आयोजित ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने के उपरांत वापसी के समय आज नांगल चौधरी में ठहराव के दौरान मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे



रहे थे। उन्होंने बताया कि जयपुर में ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया है और आज मैं इस बैठक से वापस आ रहा हूं। श्री विज ने बताया कि "गत दिनों यह बैठक केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने ली थी और नितिन गडकरी जी की अपने सब्जेक्ट में पूरी मास्टरी है। इस बैठक के

## 550 बसें खरीदने के लिए पिछले दिनों हुई हाई पावर परचेज कमेटी में मंजूरी मिली-विज

दौरान ओवरलोडिंग का यह मामला आया था और उसके अंदर ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। उस दौरान बैठक में मैंने स्वयं ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों को कहा कि आपकी इतनी बड़ी एसोसिएशन है तो आप अपने लिए स्वयं नियम निर्धारित करें कि हम ओवरलोडिंग गाड़ी नहीं चलाएंगे, ओवर स्ट्रक्रर्ड गाड़ी को नहीं चलाएंगे और स्टाफ के भी ड्यूटी के घंटे निर्धारित होंगे। क्योंकि एक व्यक्ति सुबह गाड़ी पर बैठता है और 15 से 20 घंटे गाड़ी चलाता है और दुर्घटना होने की पूरी संभावना रहती हैं।

# महिलाओं को पशुपालन की दी ट्रेनिंग



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** गांव मूनक के डेरा कापड़ों के प्राथमिक स्कूल में महिलाओं को 5 दिन की पशुपालन की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में आए हुए विशेषज्ञों ने पशु पालन के बारे में जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि पशुओं को सर्दी गर्मी से बचने के लिए हमें किन-किन सावधानियां बरतनी चाहिए। पशुओं में किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर डॉक्टरों की सलाह लें ताकि हमारा पशु बीमारी से ग्रस्त ना हो। हमें अपने पशुओं को मौसम के हिसाब से चारा डालना चाहिए।

इस कार्यक्रम के संपन्न के समय मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति मेंबर तीजो देवी ने बताया की महिलाएं अपने घर में रहकर ही अपने पशुओं की देखरेख कर अपने परिवार की आय को बढ़ा सकती हैं। उनके दूध से अनेक प्रकार के उत्पादन तैयार कर मार्किट में अच्छे दामों में बेच सकते हैं। इससे महिलाओं को घर में ही काम मिल जाता है उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं होती। सरकार के द्वारा भी महिलाओं को अनेक स्कीम देकर पशुपालन के लिए पलकों को बढ़ावा दिया जाता है। यह ट्रेनिंग पशु चिकित्सालय एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के संयोजन में 5 दिन की महिलाओं को ट्रेनिंग देकर पशुपालन को बढ़ावा देने का कार्य किया गया। इसमें डॉक्टर अनीता गागोली, डॉक्टर सुजोय, प्रवेश शर्मा व दर्जनों महिलाएं इस ट्रेनिंग में शामिल रही।

# नपा राजौंद ने चलाया बंदर पकड़ने का अभियान

## राजौंद नगर शीघ्र होगा बंदरों से मुक्त: नपा सचिव नरेंद्र शर्मा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद ने ठेकेदार के माध्यम से नगर के सरकारी अस्पताल में बंदर पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि टेंडर लगाकर बंदर पकड़ने का कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है। सचिव ने कहा कि नागरिकों की लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि नगर में बंदरों से नागरिकों को परेशानी हो रही हैं। नागरिकों की मांग पर बंदर पकड़ने का अभियान चलाया गया है। नागरिकों को बहुत जल्द उत्पाती बंदरों से निजात मिलने की सम्भावना है। बताया गया कि बुधवार को 25 बंदर पकडे गए हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

बन्दर पकड़ने के ठेकेदार बलजिंद्र सिंह जींद ने बताया कि राजौंद के सरकारी अस्पताल में पिंजरे लगाकर बंजारों को पड़कर कलेसर के जंगलों में छोड़ा जाएगा। उन्होंने राजौंद के नागरिकों



से अनुरोध किया है कि जिस गली, मोहल्ले में बंदरों की संख्या ज्यादा है अपने वार्ड के पार्षद, नगर पालिका कार्यालय राजौद या बंदर पकड़ने वाली टीम को इस बारे में अवगत करवाए, ताकि नगर के सभी बंदरो को पकड़ कर कलेसर के जंगल में छोड़ा जा सके। मौके पर मौजूद वार्ड नंबर 8 पार्षद अनुराग ने कहा कि कुछ समय से वार्ड आठ स्थित सरकारी अस्पताल में बंदरों के उत्पाद की सूचना मिल रही थी।

बंदर पकड़ने का अभियान सरकारी हस्पताल से ही शुरू किया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर, मार्च 2025 में होगी मुकम्मल: डॉ. वैशाली शर्मा

## सुदृढ़ होगी पेयजल व्यवस्था, ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे नलकूप

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** शहर में स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है, अब तक इसका 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह परियोजना मार्च 2025 में मुकम्मल होगी। अनुमानित साढे 38 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से शहर की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। नलकूप, बूस्टर स्टेशन व ओवर हैड रिजरवायर ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे। बुधवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति के नेटवर्क के तहत शहर में अलग-अलग लोकेशन पर 182 नलकूप, 3 बूस्टर स्टेशन तथा 4 ओवरहैड टैंक स्थापित हैं। योकोगावा इंडिया लिमिटेड एजेंसी इन सभी पर स्काडा के उपकरण स्थापित करने का काम कर रही है। इसके साथ-साथ इनके कनैक्शन भी किए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि स्काडा प्रोजेक्ट को एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी.) से जोड़ा जा रहा है, जहां से रियल टाईम डाटा एकत्र होगा। उपकरणों की निगरानी और उन पर नियंत्रण होगा। कार्य मुकम्मल होने के बाद पांच वर्ष तक एजेंसी द्वारा ही सभी उपकरणों का संचालन एवं रख-रखाव भी किया जाएगा।

**क्या हैं स्काडा सिस्टम**-उन्होंने बताया कि स्काडा (पर्यवेक्षी नियंत्रण और डाटा अधिग्रहण) सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दोनो तत्वों की एक केन्द्रीकृत प्रणाली है, जो पूरे क्षेत्र की निगरानी और नियंत्रण करती है। पर्यवेक्षी प्रणाली प्रक्रिया से डाटा एकत्र होता है और कमांड नियंत्रण को भेजा जाता है। यह डाटा, सिस्टम से जुड़े सेंसर, नेटवर्क और उपकरणों से प्राप्त होता है। सेंसर, गति, प्रवाह ओर दबाव जैसे मापदंडों को मापते हैं। इस सुविधा से शहर में क्षेत्र अनुसार पानी की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ पाईप लाईनो की लिकेज और उसका समाधान सुनिश्चित होगा। नलकूप ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे। पेयजल में क्लोरीन की संतुलित मात्रा मौजूद रहेगी, जिससे इसकी शुद्धता बनी रहेगी। स्काडा एप्लीकेशन के जरिए पूरे सिस्टम पर ऑनलाईन नियंत्रण रहेगा।

# राजौंद में सरकारी कालेज बनाने की घोषणा बाद आर्य समाज ने किया हवन यज्ञ

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के असंध मार्ग पर सरकारी बस अड्डे के सामने पीडब्ल्यूडी परिसर में सरकारी कालेज बनाने की सरकार व प्रशासन द्वारा घोषणा के बाद नगर के आम जन, कालेज बनाओ संघर्ष समिति, नगर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में खुशी का माहौल है। बुधवार, 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मूर्ति स्थापना की वर्षगांठ पर व नगर में सरकारी कॉलेज बनाने की घोषणा पर राजौंद के आर्य समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी परिसर में विश्व का सबसे श्रेष्ठ कर्म हवन यज्ञ का आयोजन किया।

पिछले लम्बे समय से नगर के लोगों की मांग थी कि सरकारी कालेज राजौंद के असंध मार्ग पर, पीडब्ल्यूडी परिसर में बने। कॉलेज बनाओ संघर्ष समिति के प्रधान राकेश राणा उर्फ बंगाली राणा, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जयपाल राणा, होशियार सिंह आर्य, किरण पाल आर्य ने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के सहयोग व आशीर्वाद से हल्के की बहुत पुरानी मांग व संघर्ष समिति की अपील

## पीडब्ल्यूडी परिसर राजौंद में बहुत शीघ्र सरकारी कालेज की आधारशिला रखेगी सरकार: प्रधान राकेश राणा



सरकार ने स्वीकार करते हुए राजौद का सरकारी कॉलेज कहीं बाहर बनाने की अपेक्षा राजौंद के सरकारी बस अड्डे के सामने पीडब्ल्यूडी परिसर में बनाए जाने की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने भाजपा सरकार व सांसद नवीन जिंदल का बार-बार धन्यवाद किया है।

समिति को उम्मीद है कि बहुत शीघ्र सांसद नवीन जिंदल के सहयोग से पीडब्ल्यूडी परिसर में सरकारी कॉलेज की आधारशिला रखी जाएगी। शहर में सरकारी कालेज बनाने को लेकर नगर में उत्सव का माहौल हैं।

इस अवसर पर प्रधान राकेश राणा उर्फ बंगाली राणा, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा, होशियार सिंह आर्य, किरणपाल आर्य, नरेंद्र सिंह, महिपाल राणा, पवन आर्य, जयपाल राणा, शमशेर सिंह सहित संघर्ष समिति के विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नियमों का उल्लंघन कर चल रही स्कूल बसों को तुरंत किया जाए इंपाउंड: डीसी प्रीति

## सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार जल्द लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सभी डीसी व एसपी की बैठक में जारी किए गए निर्देशों के बाद बुधवार को जिले के अधिकारियों की एक बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नीति अनुसार नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर यदि अभी भी कोई बस संचालित की जा रही है तो उसे तुरंत इंपाउंड किया जाए। एसडीएम, आरटीए कार्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी ऐसी बस सड़कों पर संचालित न हो। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार जल्द से जल्द लंबित कार्यों को अधिकारी पूरा करवाएं। विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन व योजनाओं का तय समय में लोगों को लाभ पहुंचाने के मामले में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने पशु विभाग के उप



निदेशक अधिकारी व सहायक श्रम आयुक्त, सहायक जिला रोजगार अधिकारी के जिला अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश जारी किए।

डीसी प्रीति ने बैठक में कहा कि सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल एक्शन टेकन रिपार्ट की गुणवता में सुधार लाने के साथ साथ इनके निपटान में ओर तेजी लाएं। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लेते हुए तय समय अवधि में पूरा करवाएं। वहीं प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों का समय पर निपटान करें और प्रोपर्टी के सेल्फ सर्टिफिकेशन को शत प्रतिशत किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग की हेप्पी कार्ड योजना की समीक्षा की। जाति को सत्यापित करने के संबंध में डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत जारी करते हुए एक सप्ताह में लंबित मामले निपटाने के आदेश दिए। उन्होंने अमृत सरोवर योजना की अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। डीसी ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के संबंध में लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाने को कहा। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना व कुसुम योजना में निर्धारित लक्ष्य जल्द पूरा करने के निर्देश जारी किए। डीसी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में नियमानुसार जल्द से जल्द ड्रा निकाले जाने बारे निर्देश जारी किए। उन्होंने ई-ऑफिस योजना के तहत सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि इसके क्रियान्यन में कोई परेशानी है तो जिला सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिकारी से विमर्श करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में लाइब्रेरी बनाई जानी है। इसके लिए गांव में सरकारी भवन में एक कमरा चिन्हित करें। डीसी ने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को विभाग की योजना के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने यह भी कहा कि सभी उपमंडल अधिकारी भी रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत गांवों में जाएं। साथ ही एसडीएम बाल कल्याण केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण करें। डीसी ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अधिकारी विभिन्न न्यायालयों से आए समन के तहत वीसी के माध्यम से न्यायालय में अपने ब्यान दर्ज करवाएं।

डीसी ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी युवा प्रतिज्ञा दिवस व मैराथन आदि का आयोजन कर नशा समाप्ति की दिशा में काम करें। चिन्हित अपराधों, महिला विरुध अपराधों, एससीएसटी एक्ट एवं हिट एंड रन से जुड़े मामलों की बैठक नियमानुसार आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। नए आपराधिक कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। अज्ञात लोगों के खिलाफ जो मामले दर्ज हैं, उनमें जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करवाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर गुहला एसडीएम कृष्ण कुमार, कैथल एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, जिला परिषद डिप्टी सीईओ रितु लाठर, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्रमोहन, डीआईओ दीपक खुराना, डीएफएसई निशांत राठी, रोडवेज महाप्रबंधक कमलजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।